हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 5 मार्च 2024

04 ज्वेलर्स की दुकान से सोने के आभूषण चोरी

05 महिला स्वास्थ्य व प्रसूति रोग संस्था का नवगठन...




### जिले के समस्त स्वीकृत निर्माण कार्य को अविलंब प्रारंभ करें

# बैठकः आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्थानीय निकाय कार्य करें: कलेक्टर

**सरकार की जनहितैषी योजना से जरूरतमंदों को लाभांवित करने के लिए सभी विभाग निष्ठापूर्वक कार्य करें। वहीं आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। यह बात कलेक्टर सोनिया मीना ने समयसीमा की बैठक में मौजूद अधिकारियों निर्देश देते हुए कही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सभी विभागों के अंतर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। सभी विभाग इस दिशा में विशेष ध्यान दें की कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि जिम्मेदारी पूर्वक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करें। कोई भी पात्र हितग्राही इस लाभ से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि जिम्मेदारी पूर्वक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करें। कोई भी पात्र हितग्राही इस लाभ से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन की नवीन शिकायतों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की एवं यह निर्देशित किया है कि नजरंदाज शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो यह समस्त विभाग सुनिश्चित करें। साथ ही साथ डाइट से संबंधित शिकायतों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए ऐसी शिकायतों को निराकृत कर बंद किया जाए। लंबित शिकायतों के संबंध में कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग को निर्देशित किया है कि आरआई, पटवारी की ड्यूटी लगाकर पट्टा, धारण अधिकार आदि के मामलों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाए। इसी के साथ राजस्व महा अभियान अंतर्गत नक्शा तरमीम, ई-केवाईसी, बी 1 वाचन आदि के समस्त लंबित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की नियमित रिपोर्ट अपडेट कर अवगत कराने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए गए। गत दिन जिले के कुछ इलाकों में हुई ओलावृष्टि के कारण फसल नुकसान के प्रकरण बनाकर प्रभावितों को राहत राशि दिलाने का कार्य भी सुनिश्चित किया जाए एवं समस्त तहसीलदार यह भी सुनिश्चित करें कि व्यक्तिगत रूप से कुछ इलाकों की सैंपलिंग करें जिस से वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके।

#### शिकायतों के निराकरण के लिए व्यक्तिगत फील्ड पर जाएं

कलेक्टर ने समग्र आईडी के संशोधन, आधार लिंकिंग आदि से संबंधित आ रही शिकायतों के निराकरण के लिए समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को भी निर्देशित किया है की ऐसी शिकायतों के निराकरण की दिशा में विशेष रूप से कार्य करें। उन्होंने समस्त विभाग के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों के निराकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से फील्ड पर जाकर इस और ध्यान दें। साथ ही शिकायतकर्ताओं को समक्ष बुलाकर उनकी शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराएं। कलेक्टर द्वारा लंबित टीएल शिकायतों की भी विस्तार से समीक्षा की। निराकृत प्रकरणों को तत्काल बंद किया। लंबित प्रकरणों के संबंध में समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि तय समय सीमा के भीतर समस्त प्रकरण का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। सहकारिता विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि 1 वर्ष से अधिक लंबित टीएल प्रकरणों को अगली बैठक तक निराकृत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर द्वारा समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन के सत्यापन का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए कि गलत पंजीयन, गलत गिरदावरी आदि जैसी स्थिति न उत्पन्न हो। उज्वला योजना में प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति करने पर खाद्य विभाग की प्रशंसा भी की। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की भी विस्तार पूर्वक समीक्षा की एवं समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह के भीतर लंबित प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोहन सिंह रावत, अपर कलेक्टर डीके सिंह सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपीएम में मनाया गया राष्ट्रीय संरक्षा दिवस, कर्मचारियों ने ली संरक्षा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोमवार को 53 वें राष्ट्रीय संरक्षा दिवस के तत्वाधान में प्र. का. का. नर्मदापुरम में एक सप्ताह के समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विषय "ईएसजी उत्कृष्टता के लिए संरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दे" है। यह संरक्षा सप्ताह सोमवार से प्रारंभ होकर 11 मार्च तक मनाया जाएगा। समारोह का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे मुख्य महाप्रबंधक व्यंकटेश कुमार द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया एवं उनके द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों को संरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान पलनी कुमार, उप महाप्रबन्धक द्वारा संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित की जाने वाले पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, संरक्षा सुझाव प्रतियोगिता, हाउस कीपिंग प्रतियोगिता, संरक्षा प्रशोन्नत्तरी एवं कार्यस्थल पर संरक्षा प्रशिक्षण इत्यादि के संदर्भ मे संक्षिप्त प्रकाश डाला।

वीरेंद्र भट्ट कार्यकारी अध्यक्ष एसपीएम कर्मकार यूनियन द्वारा संरक्षा की उपयोगिता पर अपने विचार प्रकट किए। इसके उपरांत अशेष अविनाशी, संयुक्त महाप्रबन्धक द्वारा संरक्षा नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला गया । मुख्य महाप्रबंधक द्वारा आज के परिवेश में अपने दैनिक कार्यक्षेत्र एवं वयक्तिगत जीवन में सजगता, सुरक्षा एवं संरक्षा को कार्य सम्पादन के समय अपनाने पर ज़ोर देते हुए सारगर्भित विचारों से संबोधित किया। अंत में पवन प्रजापति, सदस्य संरक्षा समिति द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में अमित कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक, अखिलेश कुमार गुप्ता, संयुक्त महाप्रबंधक, वैभव दुबे, उप समादेशक सीआईएसएफ़, एसपीएम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### वादा खिलाफी के विरोध में भाकिसं का धरना आंदोलन आज

**नर्मदापुरम।** विधानसभा चुनाव पूर्व के पहले किसानों से किए गए वादे और मोदी की गारंटी को भूलने वाले केंद्र और राज्य शासन को उनके किए गए वादे याद दिलाने और किसान हित में उनको पूरा करवाने कल 5 तारीख मंगलवार को जिला नर्मदा पुरम के साथ ही पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान संघ के बैनर तले जिले भर के किसान कलेक्ट्रेट पर इकट्ठे होकर ज्ञापन सौंपेंगे। किसान संघ नर्मदापुरम के जिला मंत्री उदय पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के कार्यकर्ता विगत एक सप्ताह से निरंतर गांव गांव जाकर इन सरकारों द्वारा किए गए वादों को याद दिला रहे हैं और उन्हें अधिक से अधिक संख्या में ट्रैक्टर सहित जिला मुख्यालय कृषि उपज मंडी समिति में दिन को 11 बजे एकत्रित होने के लिए आग्रह कर रहे हैं। संगठन को पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के पूर्व शायद सरकार को उसके द्वारा किए गए वादे याद आ जाएं और वह उन्हें पूरा करे अन्यथा भविष्य में संगठन अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### एमपी ट्रांसको इटारसी में मनाया राष्ट्रीय लाइनमेन दिवस, सम्मानित हुए लाइनमेन

**नर्मदापुरम।** प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्य प्रदेश की 41 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों के माध्यम से मध्यप्रदेश में भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले एमपी ट्रांस्को की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने एमपी ट्रांस्को इटारसी के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में 4 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसके तहत इटारसी सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर एम पी ट्रांसको के असाधारण कार्य क्षमता दिखाने वाले लाइनमैनों को सम्मानित किया गया । राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा शपथ ली गई। इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी का संदेश वाचन भी किया गया।

## कान्यकुब्ज महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्री कान्यकुब्ज महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। चुनाव की प्रक्रिया में अध्यक्ष अनुजा मिश्रा, निर्विरोध सचिव माला पांडे, निर्विरोध कोषाध्यक्ष रेखा मिश्रा, उपाध्यक्ष निनकी दीक्षित चुनी गई। चुनाव की प्रक्रिया महिला मंडल के वरिष्ठ संरक्षक सदस्यों के देख- रेख में संपन्न हुई। नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देने की श्रेणी में श्रीमती अंजलि दीक्षित, अनीता तिवारी, अंजलि तिवारी, अंकिता तिवारी अपूर्वा दुबे, आशा उपाध्याय, उमा तिवारी, किरण बाजपेई, कीर्ति द्विवेदी, कीर्ति शुक्ला, कीर्ति तिवारी, गिरजा शुक्ला, ज्योति दीक्षित, नमिता शुक्ला, नम्रता वाजपेई, नीता तिवारी, नीतू शुक्ला,नेहा तिवारी, निधि त्रिपाठी, पुनीता पांडे, बानी मिश्रा, माला पांडे ,मोना पांडे ,ममता मिश्रा, मधु तिवारी, मंजू तिवारी, मीणा अवस्थी, रक्षा दुबे, रिचा तिवारी, रेखा शुक्ला, संध्या त्रिवेदी साधना मिश्रा सरोज दीक्षित, सरला मिश्रा, श्रावणी तिवारी, सुनीता अवस्थी, सुनीता मिश्रा, सुशीला दीक्षित, गिरजा शुक्ला, स्वाति तिवारी, विनीता शुक्ला, विनीता अवस्थी। नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## भाजपा की राम राम अभियान के तहत जारी लाभार्थी योजना के पात्रों से मिले कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भाजपा की राम-राम अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भेंट की। युवा मोर्चा मंडल महामंत्री दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री का पत्र हितग्राहीयों को भेंट किया एवं मोदी सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के सबसे निचले पायदान के लोगों को मुख्य धारा में शामिल करने के लक्ष्य के साथ शुरूआत की और सरकार बनते ही हमने सकंल्प लिया था कि हमारी सरकार गरीबों के लिए समर्पित रहेगी सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा से कार्य किया गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान एवं किसान सम्मान नया अध्याय लिखा जा रहा है। अंत्योदय उदेश्य के साथ करोड़ो लाभार्थियों को केन्द्र सरकार ने लाभ दिया है लाभार्थी संपर्क अभियन के तहत आज नर्मदापुर मंडल अध्यक्ष रोहित गौर के मागदर्शन रसूलिया क्षेत्र के वार्ड क्रं. 22 में बूथ क्रं. 97 बूथ के प्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने लाभर्थियों से घर घर जा कर सपर्क किया। जिसमें इस अवसर पर हर्ष सराठे, सुभद्रा बाई, राकेश गौर, सोरभ राठौर, आंनद पाण्डे, गुलाब सिंह राठौर, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नारी सशक्तिकरण के लिए लगाई वंदन दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शक्ति वंदन दौड़ जिला स्तर पर आयोजित की गई। जिसमें महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना पुरोहित ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए सोमवार को छात्र छात्राओं को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उक्त दौड़ भाजपा जिला कार्यालय से पुराना बस स्टैड़ तक आयोजित की गई। इस दौरान जिला महामंत्री मुकेश चन्द्र मैना, संभागीय कार्यालय मंत्री हसं राय, जिला मंत्री ज्योति चौरे जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, राहुल ठाकुर, घनेन्द्र राने, दुर्गेश मिश्रा, संदीप सोनकर, मुकेश नागर सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राज्यसभा सांसद नारोलिया ने दीवार लेखन से किया जागरूक




**नर्मदापुरम।** सांसद (राज्यसभा) एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने नगर नर्मदापुरम के बार्ड क्रमांक 13 के बूथ क्रमांक 106 में 5 स्थानों पर एवं बूथ क्रमांक 105 में 3 स्थानों पर दीवार लेखन कर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान करते हुए अपील की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, पूर्व पार्षद अतुल भंडारी, धर्मेंद्र जाट, अमित नायक, योगेंद्र सोलंकी, सचिन तोमर, शीला यादव , सरोज दीदी, वेवी राजोरिया एवं समस्त मातृशक्ति उपस्थित रही।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** जिले में आगामी माह में होने वाले पर्वो / त्यौहारों के संबंध में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 5 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित रेवा सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों सहित सर्व संबंधितों से अनुरोध किया गया है कि वे बैठक में उपस्थित रहें।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक कल

**नर्मदापुरम।** जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में 6 मार्च को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया है। सचिव रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम डॉ.आरसी प्रजापति ने उक्त जानकारी देते हुए समिति सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे बैठक में उपस्थित रहें। बैठक में निर्धारित एजेंडा एवं कलेक्टर की अनुमति से अन्य रोगी कल्याण समिति से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### आबकारी विभाग ने 30 लीटर अवैध शराब की जब्त



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के आगामी लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में दिया निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सोमवार को आबकारी वृत इटारसी शहर के नाला मोहल्ला एवम सूरज गंज क्षेत्र में दबिश देकर कुल 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवम 600 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 3 प्रकरण कायम किए गए जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 66 हजार है। कार्रवाई में आबकारी उड़नदस्ता टीम में आबकारी उपनिरीक्षक के के पडरिया, आबकारी मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा, आरक्षक धर्मेंद्र बारनगे का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा सटीक सूचनाएं संकलित कर इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेंगी।

### विधायक ने कहा-आने वाला समय मिलेट्स का है, जो कि मूलत हमारा ही अनाज है

# जो आप बोओगे, वही समाज खाएगा: डॉ सीतासरन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




आप जो बोओगे वही खाओगे यह बात सोमवार को आयोजित राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कही। उन्होंने कहा हमारे देश के इन्ही प्रस्ताव और प्रयासो के फलस्वरूप ही संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेटस इयर घोषित किया था। इसी क्रम में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन-श्री अन्न (मिलेट्स) के स्वास्थ पर सकारात्मक प्रभाव, मोटे अनाज वाली फसलों का क्षेत्र विस्तार, उत्पादकता वृद्धि प्रसंस्करण मूल्य संवर्द्धन एवं आमजन के बीच प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय मिलेट्स मेला व प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम, अजीत सिंह मण्डलोई- अध्यक्ष कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत, भूपेंद्र चौकसे अध्यक्ष जनपद पंचायत नर्मदापुरम, पीयूष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश तैराकी संघ, राहुल सोलंकी मण्डल अध्यक्ष, बृजकिशोर पटैल विधायक प्रतिनिधि, एसएस रावत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम, जेआर हेड़ाऊ उप संचालक कृषि एवं जिले के कृषकगण उपस्थित रहे। मेले में कृषि वैज्ञानिको द्वारा श्री अन्न (मोटा अनाज) जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, सांबा, कोदो कुटकी, चना आदि फसलों के उत्पादन की तकनीक, नवीन किस्में और कीट व्याधि प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया यह अत्यंत गौरव की बात है कि वर्ष मे निरंतर 3 फसल उत्पादन के कारण हमारे नर्मदापुरम जिले की फसल सघनता 280 प्रतिशत है, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। उपजाऊ भूमि होने, 93 प्रतिशत सिंचित होने, किसानो द्वारा फसल उत्पादन की नवीन तकनीको के साथ मेहनत करने से अभी भरपूत उत्पादन हो रहा है, किंतु ज्यादा से ज्यादा उत्पादन लेने की होड़ में हम अत्याधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरको का प्रयोग कर रहे है, जिससे इतनी उपजाऊ जमीन के बंजर होने की संभावना से इनकार नही किया जा सकता। हमारी आने वाली पीढ़ी को भी इसी प्रकार भरपूर फसल उत्पादन मिलता रहे, इसके लिये यह जरूरी है कि इस भूमि की उर्वरक क्षमता हमको बनाये रखना है, इसके लिए सुपर फूड (मिलेट्स) मोटा अनाज वाली फसलों को अपेक्षाकृत कम खाद का प्रयोग करके आसानी से उगाया जा सकता है, जिससे मिट्टी की उत्पादकता बनी रहेगी। साथ ही यह संदेश देने का प्रयास किया कि मिलेट्स का इस्तेमाल कितना उपयोगी है, ताकि लोग मिलेट्स का प्रयोग, अपनी जीवन शैली में ज्यादा से ज्यादा करे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक नर्मदापुरम द्वारा कृषको को बताया गया कि ''जो आप उगाओगे, वहीं समाज खाएगा'' हम अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े हुए है और आने वाले पीढ़ी को यह श्री अन्न रूपी धरोहर प्रदान करना चाहते है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आने वाले पीढ़ी भी स्वस्थ व निरोगी रहे। जब हम ज्यादा से ज्यादा मिलेट्स उगाएंगे तब ही समाज के सभी नागरिको तक इसकी पहुंच बढ़ेगी। उन्होने बताया कि जिस तरह से मिट्टी को जलाकर ईट बनाई जाती है और जली हुई मिट्टी की ईट पर कोई भी फसल नही उगती, उसी प्रकार हमारे कुछ किसान पराली में आग लगाकर खेत की मिट्टी को बंजर बना रहे है। हमें अपने खेतो की पराली को जलाना बंद करना चाहिए और रासायनिक कीटनाशको के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने की जरूरत है। आईए हम भारत सरकार और प्रधानमंत्री जी के साथ अब हम इस क्षेत्र में भी आगे जाएंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम द्वारा बताया गया कि जल, वायु, जमीन और जरूरत के आधार पर किसान अपनी फसल लगाते है, पूर्व में कुछ दशको से जरूरत के आधार पर हमने गेंहू चावल की खेती की है, लेकिन आने वाला समय पौष्टिक श्री अन्न (मोटे अनाज) का है, जो कि मूल रूप से हमारा मुख्य अन्न है। देश में हमारे पूर्वज मोटा अनाज ही उगाया करते थे और हमारा वातावरण जलवायु मोटे अनाज उत्पादन के लिए अनुकूल है। समस्त जीवों व फसलों के लिए पर्यावरण की अनुकूलता बहुत जरूरी है। पर्यावरण ही यह तय करता है कि किस प्रकार के जीव एवं वनस्पति यहां रहेंगे। मिलेट्स मोटा अनाज हमारे वातावरण के जीवों के लिए प्रकृति द्वारा दिया गया है। शासन की ओर किसानों को पुनः मिलेट्स उत्पादन करने के लिए प्रेरित कर रहा है तथा मिलेट्स उत्पादन करने वाले किसानों को उपज के अच्छे दाम दिलाने और उपज को बेचने हेतु उपर्युक्त बाजार उपलब्ध कराने के लिए हर संभव सहायता की जा रही है। मिलेट्स उत्पादन के साथ-साथ आय के लिए मिलेट्स का प्रसंस्करण और मूल्य संवर्द्धन भी आवश्यक है।

### डॉ वर्षा भिंगारकर सोले को मिली पीएचडी उपाधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

डॉ वर्षा भिंगारकर सोले द्वारा मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल से भौतिक शास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। डॉ वर्षा भिंगारकर सोले ने डॉ जीएफ अंसारी के कुशल मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया। इनका शोध शीर्षक सिंथेसिस एंड स्टडीज ऑफ फिजिकल एंड ऑप्टिकल प्रॉपर्टीज ऑफ़ हैवी मेटल ऑक्साइड डोपड टेल्लुराइट बेस ग्लासेस फॉर नॉन-लीनियर ऑप्टिकल एप्लीकेशन है। इनकी इस उपलब्धि पर सभी प्राध्यापकों, इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## अज्ञात के खिलाफ पाथाखेड़ा पुलिस ने दर्ज किया मामला, तलाश जारी

# ज्वेलर्स की दुकान से सोने के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

बगडोना के श्रीमनय ज्वेलर्स की दुकान में दिनदहाड़े दो अज्ञात लोगों के माध्यम से लगभग 60 ग्राम सोने के आभूषण पर हाथ साफ किया गया है। जिसका बाजार मूल्य लगभग चार लाख रुपए के आसपास आंका जा रहा है। यह घटना रविवार को 10 से 11 बजे के करीब की बताई जा रही है। दुकान मालिक लोकेश सोनी को इस घटना की जानकारी रविवार शाम लगी,उन्होंने तत्काल प्रभाव के साथ पाथाखेड़ा पुलिस को घटना की सूचना देने का काम किया। सूचना मिलने के बाद पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस के जवान मौके पर पहुंचकर वीडियो फुटेज निकालकर के आभूषण लेकर भागने वाले आरोपियों की खोज बीन मे जुट गये है।

नगर पालिका परिषद सारनी के बगडोना भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है और यहां पर इस तरह की घटना होने से व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल व्यक्त हो गया है। बताया जाता है कि इसके पूर्व में भी बगडोना की 7 से 8 दुकानों में चोरी की घटना हो गई थी और बगडोना के व्यापारियों के माध्यम से बगडोना में सीसी कैमरे लगाए जाने की मांग नगर पालिका और पुलिस प्रशासन से कर रहे थे लेकिन अभी तक दोनों ही संस्थाओं के माध्यम से सीसी कैमरा नहीं लगाया गया है।दिनदहाड़े श्री मनय ज्वेलर्स से चार लाख रुपए के आभूषण की चोरी होना निश्चित तौर से कई तरह के व्यवस्थाओं की पोल खोलता दिखाई दे रहा है। कई व्यापारियों को कहना है कि यह जो दो लोग हैं यह दो दिन पूर्व खेड़ी बाजार में भी कई दुकानों में गए थे और इस तरह की घटना को अंजाम देने का प्रयास उनके द्वारा किया गया था। यह दोनों युवक आभूषणों की दुकान में पहुंचकर व्यापारियों को बड़े चतुराई के साथ गुमराह कर कर चोरी की घटना को अंजाम देकर रफू चक्कर हो जा रहे हैं। यह दोनों युवक स्थानीय स्तर के नहीं है अब स्थानिक पुलिस प्रशासन को इन दोनों को खोजना जटिल कम दिखाई दे रहा है। हालांकि पुरुष महकमें के उच्च अधिकारियों का कहना है कि एक सप्ताह के भीतर इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



ज्वेलर्स की दुकान से चोरी करते दो युवक

### इनका कहना है

बगडोना के श्री मनय ज्वेलर्स में दो अज्ञात लोगों के माध्यम से जो चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है उनके खिलाफ में मामला पंजीकृत करके उनकी खोजबीन की जा रही है वीडियो फुटेज निकालकर उनके फोटो क्षेत्र के थानो में सर्कुलेट किया जा रहा है जल्द उनके पकड़ने की संभावना बनी हुई।

**दिलीप यादव,** चौकी प्रभारी

---

### जनपरिषद ने घोषित किए दो राष्ट्रीय सम्मान

## बैतूल के डॉ. अग्रवाल की स्मृति में जन परिषद सम्मान की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी समाजसेवी संस्था जन परिषद भोपाल ने बैतूल के शिक्षाविद् डॉ. मंगल प्रसाद अग्रवाल एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक स्वर्गीय राजकमल श्रीवास्तव की स्मृति में जन परिषद सम्मान की घोषणा की है।

गौरतलब है कि बैतूल के डॉ. एमपी अग्रवाल की स्मृति में शिक्षा जगत एवं ग्रामीण उत्थान से जुड़े लोगो को तथा शासकीय नौकरी में रहते हुए शोध कार्यों या समाजसेवा से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करनेवाले किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को राजकमल श्रीवास्तव सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय विगत दिनों जनपरिषद संस्था ने लिया है। दोनों सम्मानों की घोषणा गत दिनों संस्था की कोर कमेटी की बैठक के बाद जन परिषद के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू ने की। इस बैठक में संस्था के अध्यक्ष पूर्व डीजीपी, एन के त्रिपाठी, पूर्व डीजीपी व उपाध्यक्ष महान भारत सागर, पूर्व आईएएस सर्वश्री एस.के. मिश्रा, अजात शत्रु, मनीष श्रीवास्तव, जीपी श्रीवास्तव, संयोजक रामजी श्रीवास्तव, महासचिव ओ.पी. गुप्ता, कमल जैन, अतुल कुलश्रेष्ठ, महेंद्र जोशी, अरविंद श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, दुर्गेश रैकवार, विजय दीक्षित, मुकेश राय, मोहन अग्रवाल, संदीप गोलू, मनोहर पंजाबी, बलराम जसूजा, अरुण खरे एवं नितिन श्रीवास्तव उपस्थित थे।

---

### ओरिएंटल सीमेंट फैक्ट्री के प्रोजेक्ट मैनेजर से की मुलाकात

## विधानसभा में रोजगार के संसाधन उपलब्ध करना पहली प्राथमिकताः डॉ.योगेश पंडाग्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



आमला विधानसभा क्षेत्र में रोजगार के संसाधन बेहतर तरीके से उपलब्ध हो इसके लिए मेरे माध्यम से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सोमवार को मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर एवं पीएस मनु श्रीवास्तव से भोपाल मे मुलाकात करके मेरे क्षेत्र में रोजगार के साधन कैसे उपलब्ध हो सकते हैं।इस पर चर्चा की गई यह बात आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे ने हमारे संवाददाता से चर्चा करते हुए व्यक्त किया है। डॉ योगेश पंडाग्रे ने बताया कि मार्च के 24 तारीख को 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई की निविदा अपलोड होगी और 26 मार्च को यह इकाई की निविदा खोल दी जाएगी।

सितंबर 2024 से इकाई का निर्माण कार्य ताप विद्युत गृह सारनी में शुरू कर दिया जाएगा जिससे स्थानिक स्थान पर रोजगार के संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सारनी में जो इकाई का निर्माण हो रहा है उसकी लागत 5500 करोड रुपए के आसपास की है। इसके अलावा ओरिएंटल सीमेंट फैक्ट्री के प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक गुप्ता से मुलाकात करके सारनी में ओरिएंटल सीमेंट की फैक्ट्री कैसे खुलेगी इसको लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। उन्होंने यह बताया कि ओरिएंटल सीमेंट फैक्ट्री का काम सारनी मे शुरू हो जाएगा जिससे लगभग 500 से 800 स्थानीय युवाओं को रोजगार के संसाधन उपलब्ध होंगे,आमला विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से विजय होकर विधानसभा पहुंचने वाले डॉक्टर योगेश पंडाग्रे ने कहा कि आमला एवं सारनी क्षेत्र में रोजगार के संसाधन बेहतर कैसे किया जा सकते हैं। स्थानीय स्तर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार से कैसे जोड़ा जा सकता है इसको लेकर उनके माध्यम से लगातार संवाद और मंत्री के अलावा उनके निजी सचिवों से चर्चा का दो जारी रखा गया है। उन्होंने कहा कि ताप विद्युत गृह और सीमेंट की फैक्ट्री के अलावा बड़ी सौगात कैसे मिल सकती है इसको लेकर भी जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करके आमला विधानसभा क्षेत्र में रोजगार के संसाधन बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश आहूजा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

## ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा यात्रा का समापन

### यात्रियों ने की 1800 किलोमीटर की पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

ताप्ती तट मां ताप्ती मंदिर से मां ताप्ती का संदेश लेकर 2 जनवरी से निकली मां ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा यात्रा आज 63 वे दिन पवित्र नगरी मुलताई पहुंची जहां बड़ी संख्या में नागरिको ने इस पदयात्रा में शामिल पद यात्रियों का पुष्प वर्षा कर आरती उतार कर स्वागत और सम्मान किया।

पदयात्रा के संयोजक राजू पाटनकर ने बताया कि ताप्ती तट से 2 जनवरी से जल संरक्षण और सवर्धन के साथ साथ मां ताप्ती संदेश लेकर निकले पद यात्रियों ने ताप्ती पदयात्रा मार्ग के माध्यम से तीन प्रदेश मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात का 1800 किलोमीटर का सफर 63 दिन में पूर्ण किया और कड़ाके की ठंड वर्षा ,घाटी पहाड़ी क्षेत्र की बधाओ के बावजूद प्रतिदिन 30 किलोमीटर पैदल चलकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की। ताप्ती पदयात्रा ताप्ती उद्गम स्थल से लेकर ताप्ती संगम स्थल अरब सागर खंभात की खाड़ी गुजरात और वहां से आज मुलताई पहुंचे है। वापस पहुंची संपूर्ण ताप्ती परिक्रमा यात्रा का नगर वासियों ने जगह-जगह स्वागत सत्कार किया। पदयात्रा सर्वप्रथम बस स्टैंड साकेत लाज पहुंचे जहां नगर के अनेक नागरिकों नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर एवं पार्षदों ने पद यात्रियों का स्वागत किया इसके उपरांत भोजन प्रसादी वितरण की गई जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी भाग लिया। भोजन प्रसादी के उपरांत संपूर्ण परिक्रमा यात्रा अन्तिम पड़ाव ताप्ती सरोवर के लिए शोभायात्रा के रूप में निकली जो साकेत लॉन से बस स्टैंड से छोटा तालाब से बड़े हनुमान मन्दिर से स्टेशन रोड से फव्वारा चौक से नागपुर नाका से गांधी चौक, गुरुसाहब मंदिर , से पुलिस थाना मार्ग से ताप्ती मदिर पहुंचकर संकल्प छोड़ा फिर महाआरती कर कलश विसर्जन के साथ मां ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा का समापन किया गया।

---

## डॉ. संजय जैन सर्वोत्तम पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित




**बैतूल।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में सोसायटी ऑफ कृषि विज्ञान, अमृतसर, पंजाब एवं फोरम ऑफ के. व्ही. के. एंड ए. आई. सी. आर. पी. जोरहट, असम के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्तर के आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, बैतूल में पदस्थ डॉ. संजय जैन, कार्यक्रम सहायक को सर्वोत्तम पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री जैन को यह पुरस्कार टेक्नोलॉजी असेसमेंट फॉर कन्जर्वेषन एग्रीकल्चर फॉर राइस-व्हीट-ग्रीन ग्राम क्रोपिंग सिस्टम यूजिंग हेप्पी सीडर इन बैतूल डिस्ट्रीक्टह्लह्ल विषय पर शोध पत्र प्रस्तुतिकरण हेतु दिया गया।

1-3 मार्च 2024 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जे.एस. मिश्रा, निदेषक राष्ट्रीय खरपतवार अनुसंधान निदेषालय जबलपुर, विषिष्ट अतिथि डॉ. एस.आर.के. सिंह, निदेषक अटारी अंचल-9, जबलपुर, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. डी.पी. शर्मा, संचालक विस्तार सेवायें, ज.ने.कृ.वि.वि. जबलपुर तथा डॉ. (श्रीमती) ओम गुप्ता, सेवानिवृत संचालक विस्तार सेवायें, ज.ने.कृ.वि.वि. जबलपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारतवर्ष के कृषि वैज्ञानिकों, छात्रों एवं कृषकों ने भाग लेकर कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान की बारीकियों, कृषि आधुनिकीकरण एवं ए.आई. का कृषि में अनुप्रयोग आदि विषयों पर व्याख्यान, प्रस्तुतिकरण एवं चिंतन किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों डॉ. व्ही.के. वर्मा, आर.डी. बारपेटे एवं डॉ. संजीव वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की।

---

### चोरी के आरोप में की थी दो युवकों की पिटाई

## पुलिस पिटाई का वीडियो वायरल होने पर दो सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के मोहदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले देसली बाजार में दो पारदी समाज के युवकों ने मोबाइल चोरी कर लिया था, मोबाइल चोरी करने वालों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोबाइल बरामद कर लिया और ग्रामीणों के कहने पर दोनों युवको को दोबारा चोरी नहीं करने का सबक सिखाते हुए उनकी जमकर पिटाई की। इसी पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एसपी ने पिटाई करने वाले हवलदार को सस्पेंड कर दिया है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

बैतूल के मोहदा थाना क्षेत्र के दामजीपुरा के पुलिस चौकी प्रभारी कामता प्रसाद कीर 28 फरवरी बुधवार को दो लडक़ों के हाथ रस्सी में बांधकर, उनकी पाइप से पिटाई कर रहे हैं और यह 41 सेकेंड का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि देसली गांव में 28 फरवरी बुधवार को साप्ताहिक बाजार के दिन मोबाइल चोरी होने की सूचना पुलिस को मिली थी और ग्रामीणों ने दो लडक़ों को मोबाइल चोरी के आरोप में पकड़ा था। पुलिस मौके पर पहुंची और इन दोनों लडक़ों के साथ बाजार में ही पाइप से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

### एसपी ने प्रधान आरक्षक को किया सस्पेंड

*बैतूल की एडिशनल एसपी कमला जोशी ने बताया कि वायरल वीडियो पुलिस के संज्ञान में आने पर बैतूल एसपी निश्चल झारिया ने रविवार की रात हेड कांस्टेबल कामता प्रसाद को सस्पेंड कर दिया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रधान आरक्षक कामता प्रसाद का कहना है कि बुधवार को देसली के साप्ताहिक बाजार से धर्मेंद्र जायसवाल ने फोन किया था कि ग्रामीणों ने दो लडक़ो को पकड़ा है ये पारदी समाज के हैं। इन्होंने मोबाइल चुराए हैं। इनके पास एक मोबाइल भी मिला है। जिसका मोबाइल था, उसने अपना मोबाइल वापस ले लिया। चूंकि उसके पास बिल नहीं था इसलिए उसने पुलिस में शिकायत नहीं की थी और उसने यह भी आवेदन दिया है कि वह कार्यवाही नहीं चाहता है। ग्रामीणों ने बोला कि इनको थोड़ा सबक सिखा दो, इसी के चलते पुलिस ने कार्यवाही की थी।*

---

### बारिश और आंधी-तूफान में भी जान हथेली पर

## लाइनमेन दिवस पर एई,जेई ने लाइनमेन्स का किया सम्मान




**आमला।** राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के मौक़े पर आज सोमवार को विधुत केंद्र आमला में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत लाइनमैनो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।

बिजली विभाग आमला के एई विलास उइके, एई लक्ष्मण पवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आंधी तूफान हो या भारी बारिश या फिर झुलसाने वाली गर्मी ऐसे में कहीं बिजली लाइन फॉल्ट हो जाए तो तुरंत जिस व्यक्ति की याद आती है - वो है लाइन मैन। ये फ्रंट लाइन हीरो मोबाइल फोन काल पर तुरंत अपनी जान हथेली पर रख बिजली पोल तक पहुंच जाता है और हमारे उपभोक्ता को राहत देकर लौट जाता है। कल्पना कीजिए. यदि यह फ्रंट लाइन कर्मचारी न हो तो हम आधुनिक युग मे कैसे जी नहीं पाएंगे। आज कंपनी उनके इसी योगदान को याद कर रही है.आम उपभोक्ताओ को भी उनका सम्मान कर अच्छा व्यवहार करना चाहिए। इससे वे अपनी सेवाओं के लिए सदैव तत्पर होंगे। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों का सम्मान विभाग द्वारा किया गया है. और उनको उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आमला जेई जीतेंद्र यादव,ग्रामीण जेई सृजनदीप बरेले ने कहा कि आज लाइन मैन हमारे विभाग का ऐसा मैदानी कर्मचारी है,जिसका बिजली सेवाओ मे महत्वपूर्ण योगदान है। बिजली कंपनी लाइनमैन दिवस पर उनके योगदान और सेवाओं को हमेशा याद करेगी।

---

### 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर हैं

## नपा के कर्मचारी हड़ताल पर, राजस्व निरीक्षक ने चलाया कचरा वाहन







**मुलताई।** नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर है इस दौरान नगर में सफाई व्यवस्था ना बिगड़े इसके लिए आज अधिकारियों को सफाई व्यवस्था के लिए नगर की सड़कों पर निकलना पड़ा। आज नगर वासियों ने अनोखा नजारा देखा कल तक अपने अधीनस्थ नगर पालिका कर्मचारी को आदेश देते दिखाई देने वाले अधिकारी आज सफाई करते और कचरा वाहन चलते दिखाई दिए। राजस्व निरीक्षक जीआर देशमुख, वीरेंद्र डहारे, अमर लाल कवडे , राजा चंडालिया ने नगर के विभिन्न वार्डों में कचरा वाहन चलाएं और नगर में साफ सफाई की व्यवस्था में सहभागिता निभाई। नगर पालिका के अधिकारी और प्रमुख कर्मचारियों ने नगर के गांधी वार्ड, आजाद वार्ड, महावीर वार्ड, इंदिरा गांधी और सुभाष वार्ड में सफाई व्यवस्था के लिए कचरा वाहनों का संचालन किया। इधर नगर पालिका मजदूर संघ शाखा मुलताई के तत्वाधान में नगरीय निकाय मुलताई में कार्यरत समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं स्थाईकर्मी 6 मार्च तक तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर है । नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने विनियमितीकरण एवं स्थाईकर्मी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है । और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सामूहिक अवकाश की सूचना दे दी गई है। नगर पालिका कार्यालय के समस्त धरना प्रदर्शन करने वाले नगर पालिका कर्मचारियों में श्याम सेवतकर, विजय बडघरे, किशोर गायकवाड, गिरीश पीपले, राहुल पवार, विनोद घोघले, प्रमोद गोहीते, गोपाल साहू, जावेद खान आदि प्रमुख है।

---

### प्रत्याशा फाउंडेशन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

## प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धः विधायक हेमंत खंडेलवाल

### स्वच्छता के क्षेत्र में बैतूल बनेगा नंबर वन, महिलाओं की हो भागीदारी : नेहा गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल




रविवार 2 मार्च को प्रत्याशा फाउंडेशन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली 125 महिलाओं को अपराजिता नारी शक्ति सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बडोरा स्थित उमिया मैरिज गार्डन में हुआ, जहां पर बैतूल के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं जो विपरीत परिस्थितियों में समाजसेवा के कार्य कर रही, उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने इस दौरान अपने उद्बबोधन में कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही है और देश के विकास में उनका विशेष योगदान है। हमारी सरकार प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतू प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष बैतूल पार्वतीबाई बारस्कर के द्वारा की गई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि में प्रत्याशा संस्था संरक्षक श्रीमती शकुंतला पचौरी, विद्या निर्गुणकर सेवानिवृत डायरेक्टर आकाशवाणी, नेहा गर्ग स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, हेमलता कुंभारे बाल न्यायालय बोर्ड सदस्य, वंदना कुंभारे बाल कल्याण समिति सदस्य, कौशलेश प्रताप तिवारी संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद, मीरा एंथोनी समाजसेवी, रेखा गुजरे समाजसेवी, डॉ. सुषमा सोनी, श्रीमती प्रिया चौधरी जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, श्रीमती नीरजा शर्मा परियोजना अधिकारी एवं डॉ. स्मिता राठी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया, ततपश्चात प्रत्याशा संस्था अध्यक्ष तूलिका पचौरी ने संस्था द्वारा विगत वर्षों में किए कार्यो का ब्यौरा देते हुए संस्था के उद्देश्यों को बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रमिला धोत्रे, साक्षी शर्मा, सोनम मिश्रा, रीता दत्त, कृष्ण अमरुते व शैलेंद्र बिहारीया द्वारा संयुक्त रूप से किया। कौशलेश प्रताप तिवारी द्वारा बालिका सुरक्षा के विषय पर महिलाओं को प्रेरित करते कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब महिलाएं सशक्त बनेगी। इस दौरान संजय शुक्ला वरिष्ठ अधिवक्ता, संजय पचौरी प्रदेश मंत्री मप्र. जर्नलिस्ट एसोसिएशन, पंजाबराव गायकवाड़, शैलेंद्र बिहारिया, अमित तिवारी व आशीष पचौरी द्वारा विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी का शाल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन हेमा सिंह चौहान द्वारा किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में अभिलाषा बाथरी, निमिषा शुक्ला, तरुणा द्विवेदी, कृष्णा अमरुते, साक्षी शर्मा, सरिता राठौर, प्रमिला धोत्रे, निमिषा द्विवेदी, विपाशा मिश्रा, वंदना बंजारे, रीता दत्त, उषा सातनकर, रश्मि भार्गव, श्रद्धा खंडेलवाल, नीतू चड़ोकार, सोनम मिश्रा, कल्पना तरुडकर, दीपा मालवी, दीपाली पांडे, हेमा सिंह चौहान, नीलम मिश्रा, अंजलि सुंदरम, वैशाली सुंदरम, मधु महेश्वरी, शिखा भौरासे, रुक्मणी सोनारे, इंदिरा साकरे, योगिता वराठे , सविता बडखाने, सत्यफूला काले, सपना दवंडे , डॉ आशना अग्रवाल, प्रेरणा शर्मा, मधु महेश्वरी, कल्पना वर्षा मंडल, प्रीति पाल, रीता रैकवार, ज्योति, श्रद्धा, चंद्रप्रभा चौकीकर आदि को अपराजिता नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया।

एनजीओ दलित संघ सोहागपुर सहित अन्य पांच लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

# भ्रष्टाचार: आरजीपीवी के खाते से साढ़े नौ करोड़ का गड़बड़झाला

राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के जिस खाते से राशि ट्रान्सफर की गई जिसका रिकॉर्ड विश्वविद्यालय में तक नही, मामले को लेकर भोपाल के गांधी नगर पुलिस थाने में बीती रात 9 बजे के आसपास एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें तत्कालीन कुल सचिव आर एस राजपूत, फाइनेंस कन्ट्रोलर ऋषिकेश वर्मा , अवकाश पर गए कुलपति सुनील कुमार सहित एक्सिस बैंक के मयंक कुमार सहित दलित संघ संगठन के विरुद्ध 420 , 467, 468 , 120 वी का अपराध दर्ज किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भोपाल के राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा किये गए करोड़ो के ट्रांजेक्शन का खुलासा हुआ है, जिसमे एक्सिस बैंक कटारा हिल्स बागमुगालिया की भी भूमिका सामने आई है। 9.50 करोड़ की राशि को विश्वविद्यालय के ऐसे खाते से ट्रांसफर करवा दिया जिसका रिकॉर्ड भी मौजूद नही है। आपको बता दे कि 23 जनवरी को नर्मदापुरम की सोहागपुर तहसील के पुराने और बड़े एनजीओ दलित संघ के आईसीआईसीआई बैंक खाता में 9.50 करोड़ का चेक और एक पत्र एक्सिस बैंक पहुचाकि था, जिसमें तत्कालीन कुलसचिव आर एस राजपूत और फाइनेंस कन्ट्रोल ऋषिकेश वर्मा के सयुक्त हस्ताक्षर थे।

### खास बातें

- दलित संघ नर्मदापुरम की सोहागपुर तहसील का बड़ा एनजीओ है जी दलित और समाज के निम्न वर्गों के लिये पिछले 35 सालों से काम करता आ रहा है।
- आरजीपीवी द्वारा दलित संघ के अलावा भी कुमार मयंक के नाम से करोड़ो की राशि ट्रान्सफर की गई है।
- मामला उजागर होने के बाद एबीवीपी ने प्रदर्शन किया।
- उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार बोले - छात्रों के हित की राशि को हेराफेरी करने वालो को बख्शा नही जाएगा।

### एफडी के नाम पर कुल 7 करोड़ के चार चेक

बता दे कि विश्वविद्यालय में एफडी के नाम पर कुल 7 करोड़ के चार चेक एक्सिस बैंक कटारा हिल्स के खाता नम्बर 921010023537968 के लिए जारी हुए है, एक नया मामला सामने आया है जिसमें 3 करोड़ रुपये का चेक भी जारी हुआ जो कि एसबीआई के खाता नम्बर 41776886589 के लिये जारी हुआ ये खाता भी कुमार मयंक के नाम पर ही है। 14 दिसम्बर 23 को जारी इन चेक पर कुल सचिव सुनील कुमार सहित रजिस्ट्रार आरएस राजपूत के हस्ताक्षर है।

### घोटाला सामने आने के बाद मचा हड़कंप

दलित संघ का नाम इस घोटाले में आने के बाद सोहागपुर क्षेत्र में हड़कंप मच गया गया। दलित संघ से जुड़े सभी लोगो के मोबाइल फोन बंद आ रहे है, दलित संघ के खाते में 9.50 करोड़ की राशि क्यो ट्रानफर की गई, इस बड़े घोटाले में कौन शामिल है , दलित संघ जैसी बड़ी संस्था के खाते में रकम ट्रान्सफर होने के पीछे क्या उद्देश्य रहा इन सब सवालों के जबाव अभी बाकी है।

### ऐसे पकड़ में आई गड़बड़ी

इस पूरे मामले को लेकर बताया जा रहा है कि आरजीपीवी की लेखा शाखा में चेक और एफडी की जानकारी नही मिल रही थी, विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड में सिर्फ एक ही खाता की जानकारी दर्ज थी, जिसके बाद पैन कार्ड के माध्यम से बैंक खाते ट्रेस किये गए तो जानकारी निकल कर आई कि एक्सिस बैंक में एक नही बल्कि 2 खाते है , जिनमे से एक खाते से दलित संघ के खाते में 9.5 करोड़ रुपये ट्रान्सफर किये गए है। मामला उजागर होने से पहले ही कुलपति सुनील कुमार छुट्टी पर चले गए है।

# मीरा वेयर हाउस में जांच, 1316 बैग अवैध रूप से रखी मूंग की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



सिवनी मालवा तहसील की उपनगरी बानापुरा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में बने मीरा वेयर हाउस का शनिवार रात शासकीय चने की चोरी का मामला सामने आया था। रविवार दोपहर नर्मदापुरम जिले से आये कृषि विभाग के अधिकारीयों ने सर्वप्रथम बिंद्रा वेयर हाउस पहुंचे जहाँ वेयर हाउस को सील नहीं करने पर अधिकारीयों ने नाराजगी जताई तथा पंचनामा बनाया गया वही उसके बाद जिस वेयर हाउस में शासकीय चना रखा गया था उसकी सील खुलवा वहां रखी चने की बोरी की गिनती की गई। कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ ने बताया की कलेक्टर नर्मदापुरम ने जांच के लिए टीम का गठन किया है जिसमे डीएसओ ज्योति जैन, उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ, डीएमओ देवेन्द्र यादव, वेयर हाउस के जिला प्रबंधक नगीन वर्मा को रखा गया है। हमारे द्वारा वेयर हाउस में जांच की जा रही है अब तक हुई जांच में सकन्ध भंडारित है उसकी गिनती की गई है हमारी गिनती से वेयर हाउस संचालक संतुष्ट नहीं है तो हमने उनसे भी गिनती करने को कहा गया है। चना सकन्ध के अतिरिक्त अवैध रूप से लगभग 1316 बैग मूंग की पाई गई है जिसकी जब्ती वेयर हाउस के जिला प्रबन्धक के द्वारा की गई है और संचालक के सुपुर्दगी में दी गई है। अभी वेयर हाउस की जांच होने के बाद पुलिस अभिरक्षा में खड़े हुए ट्रक में रखी चने के बोरियों की भी जांच की जायेगी। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। आपको बता दें की मीरा वेयर हाउस से शनिवार रात शासकीय चने से भरे दो ट्रक प्रशासन ने जब्त कर सिवनी मालवा थाने में खड़े करवाये गए थे। साथ ही वेयर हाउस सहित वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के कार्यालय को भी कलेक्टर नर्मदापुरम के आदेश पर सील कर दिया।

### आबकारी टीम ने की छापामार कार्रवाई

**पिपरिया।** जिले में आयोजित होने वाले महादेव मेला को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध पिपरिया में विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम के द्वारा पचमढ़ी मेला क्षेत्र के संदिग्ध स्थल क्षेत्र में मटकुली पिपरिया सहित आसपास के ग्रामों में टीम ने कार्यवाही की जिसमें 35 लीटर हाथ भट्टी शराब महुआ शराब जब हुआ आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आपकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई जिसकी कीमत लगभग 7000 बताई जा रही है जिसमें आबकारी व्रत अधिकारी पिपरिया सुयश फौजदार हेमंत चौक से एवं आबकारी आरक्षक कैलाश अखंड़े एवं स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# पार्टी के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कृत हुए हैं दर्शन सिंह चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में बचपन से पार्टी के समर्पण के लिए हिस्सा ले रहे दर्शन सिंह चौधरी को नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र का प्रत्याशी घोषित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यकर्ता पर आधारित पार्टी है इस बात को साबित करते हुए साधारण से साधारण कार्यकर्ता को सांसद बनने के भाजपा दिखा सकती है। भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने सांडिया पहुंचकर मां नर्मदा की पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, पवन वालिया, अरविंद राय, महिला मोर्चा की महामंत्री ममता नागवंशी, नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, मयंक मिश्रा, राजेश मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र पटेल, प्रशांत रघुवंशी, राजा भैया, संपत मुंदडा, राजीव जायसवाल आदि मौजूद रहे। वहीं मंगलवारा चौराहे पर कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी की। वहीं विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर मौजूद रहे। नेताओं के द्वारा भी शहर से स्वीकार किया गया है। मां नर्मदा की पूजन करने के बाद सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और सभी से चर्चा की किसान नेता एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं जिनका नाम उम्मीदवारी में गांव से लोकसभा के प्रत्याशी को लाया गया है साथ ही यह पहला मौका है जब पिपरिया विधानसभा से किसी लोकसभा के प्रत्याशी को चयनित किया गया है।

# राज्य कला प्रदर्शनी के लिए नगर के कलाकार की चित्रकला का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी व मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग ने 50 वेवर्ष में खजुराहो नृत्य समारोह आयोजित किया था। इसमें भारतीय शास्त्रीय कलाओं के समावेश के साथ ही कला की अनेक गतिविधियां जैसे समष्टि,नेपथ्य, प्रणति, हुनर, चित्रकारी, राज्य कला प्रदर्शनी और आर्ट मार्ट का आयोजन किया गया। जिसमें माखन नगर के शनिचरा बाजार निवासी 22 वर्षीय युवा कलाकार शिवम नामदेव ने अपनी कला कृति गौ गोपाल का प्रदर्शन किया कलाकृति का सोर्स मधुबनी आर्ट से लिया गया था शिवम ने बताया चित्र में भगवान श्री कृष्णा गौ पूजन कर रहे हैं सभी भारतवासियों को गोपालन के लिए प्रेरित किया है शिवम ने वर्ष 2023 में 21 गुणा 29 का यह चित्र बनाया था जिसे मध्य प्रदेश राज्य रूपंकर कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। शिवम के साथ ही पूरे मध्य प्रदेश से लगभग 70 कलाकारों ने अपनी अपनी कला का विभिन्न कलाकृति अर्कक्लिक, कैनवस पेपर, कैनवस, जल रंग, आर्क क्लिक, भारतीय कला, मिक्स इन इंडिया, ऑन पेपर क्लिक, ऑन पेपर, स्क्रैप, धातु, पत्थर, लकड़ी, फाइबर, ग्लास, तेल चित्र, मिक्स मीडिया, माध्यम से अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन अभिरुचि ललित कला अकादमी के विभिन्न युवा चित्रकारों के चित्र राज्य रूपंकर कला प्रदर्शनी 2024 व आर्ट मार्ट में चयनित हुए हैं नगर वासियों ने शिवम की उपलब्धि पर बधाई दी है।

# लाभार्थी संपर्क अभियान में निकले जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं संभाग प्रभारी पंकज जोशी के द्वारा पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में तीन-चार मार्च को घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया गया संपर्क अभियान के दौरान संगठन अप सरल ऐप पर नमो ऐप पर फोटो वीडियो अपलोड किए गए भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की उपस्थिति में जो उपलब्धियां जन-जन के बीच पहुंची है उन्हें जाकर बताया गया और उनसे जनहित ऐसी योजनाओं का लाभ भी पूछा गया कि उन्हें योजनाओं का लाभ मिला या नहीं। ऐसे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आने वाली लोकसभा चुनाव पर पुनः जी हासिल करने के लिए अनेक प्रयास किया जा रहे हैं जनहित योजनाओं के लाभ के लिए अपने-अपने मतदान केंद्र पर संपर्क करने तथा फोटो वीडियो आवश्यक रूप से संपर्क करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों के द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है।

# विभूति ने गुजरात में स्वरचित रचनाओं का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर की कवियत्री विभूति चौधरी ने राष्ट्रीय कवि संगम के गुजरात प्रांत इकाई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। सुश्री चौधरी ने पर्यावरण और मनुष्य के संबंध, महिलाओं पर अत्याचार और बेटियों के बारे में लिखी गई कविताओं की प्रखर प्रस्तुति दी। इस कवि सम्मेलन में विभूति के अतिरिक्त अन्य कवि कवियत्री काफी वरिष्ठ थे। विभूति अभी तक कई शहरों में आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। वे सी एम राइज के प्राचार्य एनपी चौधरी एवं रचनाकार, पूर्व शिक्षिका और पटेल समाज सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती मृदुला चौधरी की छोटी बेटी हैं। विभूति ने एनआईटी श्रीनगर से सिविल इंजीनियरिंग में बी टेक किया है जहां वे टॉपर रहीं हैं। वर्तमान में विभूति इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, वड़ोदरा गुजरात में ग्रेड ए ऑफिसर (सिविल इंजीनियर) के पद पर डेढ़ वर्ष से कार्यरत हैं। विभूति को माता पिता और बड़ी बहन स्पर्श के अलावा परिचितों, मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाईयां दी और उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की हैं।

### सांगा खेड़ा खुर्द में होगी राम कथा



**माखननगर।** ग्राम सांगा खेड़ा खुर्द में संगीतमय राम कथा का आयोजन 7 मार्च से 11 मार्च तक किया जा रहा है राम कथा का आयोजन समस्त ग्राम वासियों एवं धर्म प्रेमी नागरिकों द्वारा किया जा रहा है। राम कथा में बांदा चित्रकूट उत्तर प्रदेश से पधार रहे कथा वाचक डॉ पं राम गोपाल तिवारी मानस रत्न अपनी अपनी वाणी से व्यास पीठ से राम कथा सुनाएंगे समिति ने बताया प्रतिदिन 2 से 5 तक कथा होगी कथा का आयोजन बाजार प्रांगण सांगा खेड़ा खुर्द में किया जाएगा समस्त धर्म प्रेमी नागरिकों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# दो वाहनों की टक्कर में चालक के दोनों पैर टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नेशनल हाईवे पर केसला पुलिस थाने से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे हुई एक सड़क दुर्घटना में एक वाहन चालक के दोनों पैर बुरी तरह से टूटकर लटक गये हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल ड्रायवर को उपचार के लिए इटारसी भेजा। घटना में एक कंटेनर और लोडिंग वाहन की भीषण टक्कर हुई है। लोडिंग वाहन का चालक बुरी तरह से घायल हुआ है, उसके दोनों पैर टूटकर लटक गये हैं। बेहोश होने से अभी उसका नाम पता की जानकारी नहीं लग पाई है। जबकि कंटेनर चालक समीर मौके पर ही है। लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 09, जीएच 2755 केसला से इटारसी तरफ आ रहा था जबकि कंटेनर क्रमांक आरजे 14, जीपी 9521 हरियाणा से चैन्नई जा रहा था। पुलिस थाना केसला से महज पांच सौ मीटर दूर इटारसी तरफ दोनों वाहनों की टक्कर हो गयी। घटना में लोडिंग वाहन आगे से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसके चालक के पैर उसमें फंस गये। मौके पर ग्रामीणों और पुलिस ने उसे निकालकर एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। फिलहाल उसकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

# स्टेशन रोड थाने में किया पुलिस जन संवाद, सुरक्षा के दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन पुलिस विभाग के द्वारा जनता से सीधे जोड़ने के लिए एक जन संवाद नमक पहल की गई है जिसमें जन संवाद कार्यक्रम स्टेशन रोड थाने में थाना प्रभारी रंमजू उई के अनु विभाग की पुलिस अधिकारी कल्याणी बरकड़े एवं पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में थाने के आसपास के लोगों के साथ अन्य विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम किया गया जिसमें शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखना सुधार हेतु उपाय बताए गए तथा पूछे गए जिसमें यातायात को लेकर जनता की शिकायत पुलिस के सामने रखी गई और मोटरसाइकिल चोरी जैसे अपराधों में कमी न होने की बात भी रखी गई। लगातार चूड़ियां बढ़ती जा रही हैं साथ ही शहर की गली मोहल्ले में बिक रही शराब रामपुर में अवैध रूप से हो रहे पटाखे के निर्माण की भी बात उठाई गई रात्रि में पुलिस अगस्त बधाई जावे किन्ने जगह पर आशा मलिक तत्वों के खड़े होने पर भी कार्रवाई की जावे एससी एसटी मामले दर्ज होने के पहले में उनकी जांच कराई जावे उसके बाद कार्रवाई की की जावे इस तरह से अनेक विषयों पर उपस्थित लोगों के द्वारा अपने सवाल पुलिस प्रशासन से किए गए। जनता के सवालों के अनुरूप जवाब तो दिया है। आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है वहीं पर मंगलवार थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने कहा कि जन सहयोग से यादों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# लायंस क्लब इटारसी पंख को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



लायंस क्लब इटारसी पंख की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आधिकारिक यात्रा सोमवार को द पार्क रिसार्ट में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात लायन संध्या माहेश्वरी द्वारा ध्वज वंदना एवं पूनम चेलानी द्वारा लायनिसम के उद्देश्य एवं नैतिक सिद्धांतों का वाचन किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष लायन कविता भावसार ने साल भर के कोष का ब्योरा प्रस्तुत किया। क्लब सचिव लायन भारती चौकसे ने वर्ष की सभी गतिविधियों के बारे में बताया,क्लब की अध्यक्षता कर रही क्लब अध्यक्ष लायन ऋतु राजपूत ने अध्यक्षीय उद्बोधन में अपने सत्र के अनुभवों को साझा किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन जेपीएस जोहर द्वारा क्लब को 2022-23 के लिए पिछले वर्ष की अध्यक्ष लायन आशा ठाकुर को एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया,साथ ही जोन चेयरपर्सन लायन बलजीत कौर सोखी को स्टार पिन से एवम डायबिटीज की डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन लायन अनिता अग्रवाल, एमजेएफ डॉ हेमा पुरोहित को स्पेशल पिन से सम्मानित किया गया। इसी के साथ जिन लोगों ने क्लब की गतिविधियों में आर्थिक रूप से मदद की उन्हें पंख क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कैबिनेट सचिव अलका विजय द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन मनीष शाह ने मार्गदर्शीत किया। आधिकारिक यात्रा के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ जेपीएस जोहर द्वारा अति विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की।

अध्यक्ष डॉ. ऋचा, उपाध्यक्ष डॉ. आरके श्रीवास्तव, सचिव डॉ. वर्षा बनाए गए

# महिला स्वास्थ्य व प्रसूति रोग संस्था का नवगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नर्मदापुरम महिला स्वास्थ्य एवं प्रसूति रोग संस्था का नवगठन किया गया है। संगठन में अध्यक्ष डॉ. ऋचा पहारिया, उपाध्यक्ष डॉ. आरके श्रीवास्तव, सचिव डॉ. वर्षा खंडेलवाल, सहसचिव डॉ. शीतल दयाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. भारती सरेयाम, उपकोषाध्यक्ष डॉ. शिल्पा हरणे बनी हैं। राष्ट्रीय फेडरेशन ऑफ ओब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलोजीकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की नर्मदापुरम स्त्री एवं प्रसूति रोग शाखा, संभाग में कार्य कर रहे महिला स्वास्थ्य एवं प्रसूति रोग चिकित्सकों की सतत चिकित्सीय कार्यशाला किशोर स्कूल परीक्षण एवं प्रशिक्षण, सुरक्षित मातृत्व, स्त्री रोग के क्षेत्र में नये अनुसंधान एवं प्रशिक्षण प्रोत्साहित करने एवं प्रसारित करने, विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए, चिकित्सीय सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी तारतम्य में नर्मदापुरम महिला स्वास्थ्य एवं प्रसूति रोग संस्था की नव निर्मित कार्यकारिणी का गठन हुआ। इस अवसर पर नवनिर्मित अध्यक्ष डॉ. ऋचा पहारिया ने वर्ष 2024 की महिला विषय महिलाओं का समाज में समावेश पर विस्तृत कार्य की चर्चा की, महिला उत्पीडन एवं महिलाओं की समाज में साझेदारी, महिला सशक्तिकरण संबंधित विषय पर किये जाने वाले कार्य एवं आगामी वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी।

संस्था की संरक्षक डॉ. सुनीता पांडे, पूर्व अध्यक्ष डॉ. श्रुति मालवीय, एवं पूर्व सचिव डॉ. रूचि सक्सेना ने नवनिर्मित समिति को शुभकामनायें दीं। व्यवस्था डॉ. वर्षा खंडेलवाल, मंच संचालन डॉ. शिल्पा हर्ने, आभार डॉ. भारती सरेयाम ने किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम इंडियन मेडिकल असोसिएशन एवं इटारसी इंडियन मेडिकल असोसिएशन, इंडियन मेडिकल असोसिएशन हरदा, इंडियन मेडिकल असोसिएशन बैतूल के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य चिकित्सकों ने नई कार्यसमिति को अपनी शुभकामनाये प्रेषित कीं । इस अवसर पर हरदा, बैतूल, सोहागपुर, पिपरिया, सिवनी, बुधनी के समस्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ सहित संभाग के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### हम फाउंडेशन मध्यप्रदेश दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

**खंडवा।** हम फाउण्डेशन भारत मध्यप्रदेश कार्यकारिणी शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भाई नगर निगम अध्यक्ष सूरज सिंह चौहान तथा लोकभारती के क्षेत्र प्रमुख अशोक त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सारस्वत वक्ता के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष एड निशिकान्त चौधरी एवम मुख्य अतिथि के रूप में जोनल चैयरमेन पूर्व आयुक्त मध्यप्रदेश शासन वरिष्ठ आयुक्त के पी राही जी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर इकबाल अली ने अपनी कार्यकारिणी दायित्व ग्रहण किया। इस अवसर पर लगभग समस्त अपेक्षित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रेमांशु जैन ने बताया कि मनीषा पाटिल खंडवा को हम फाउंडेशन भारत द्वारा मध्यप्रदेश में महामंत्री (गतिविधि) का दायित्व प्रदान किया गया। इस दायित्व के लिए राष्ट्रिय अध्यक्ष एवम प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय आभार पाटिल ने माना।

### मिलेट मेला एवं प्रदर्शनी 6 मार्च को होगी आयोजित

**खंडवा।** मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत जिले में मिलेट्स के उत्पादन, उपयोग एवं मूल्य संवर्धन आदि को प्रोत्साहित करने हेतु मिलेट मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन 6 मार्च को किया जायेगा। उप संचालक कृषि के.सी. वास्कले ने बताया कि मेला नवीन अनाज मंडी इंदौर रोड खंडवा में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिलेट मेला के माध्यम से जिले के कृषकों को मिलेटस फसलों की जानकारी से अवगत कराया जायेगा। साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों एवं निजी कम्पनियों/संस्थाओ के द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेगी। उन्होंने जिले के कृषकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेवें।

### पुलिस विभाग द्वारा 11 मार्च तक निविदा आमंत्रित

**खंडवा।** ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिंगाजी मंदिर, दादाजी मंदिर, जिले के अन्य धार्मिक मेलों व आकस्मिक कानून व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग द्वारा पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाती है। इस व्यवस्थाओं में लगने वाले पुलिस बल को नाश्ता व भोजन आदि प्रदाय किये जाने हेतु निविदाकारों से ऑनलाइन निविदा 11 मार्च को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की गई है।

### एक माह में काटे 805 नल कनेक्शन

**सीहोर।** नगर में अभी भी अवैध नल कनेक्शनों को काटने का काम किया जा रहा है। यही नहीं इनमें ऐसे भी कनेक्शन हैं जो डबल हैं। इन्हें भी सख्ती से काटा जा रहा है। ब्रह्मपुरी चौराहे के पास भगवानपुर से आ रही पानी की पाइप लाइन में से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान को 4 इंची पाइप लाइन डालकर कनेक्शन दिया जा रहा है। अभी तक नगर पालिका 5 हजार से अधिक नल कनेक्शन काट चुकी है। इन अवैध नल कनेक्शन के कारण भी पानी का संकट होता है। इस संबंध में नगर पालिका के जीवन सिंह दांगी ने बताया कि पिछले महीने भी 805 नल कनेक्शन काटे हैं।

### लोक अदालत 9 मार्च को

**सीहोर।** 9 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिलेभर के न्यायालयों में किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में करदाता अपना बकाया संपत्ति कर और जलकर जमा कराकर दी जा रही विशेष छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार तक बकाया है।

---

### सैकड़ों गाड़ियां दोनों ओर फंस गईं, बड़े वाहनों को किया गया डायवर्ट

# जाम गेट के पास पहाड़ धंसा, महू-मंडलेश्वर रोड बंद जेसीबी से हटाया मलबा, शाम तक भी रहा रास्ता बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले की माहेश्वर विधानसभा के टूरिस्ट स्पॉट जाम गेट के नीचे मुख्य रोड पर बागदरा में चट्टान धंस गई।जिसके चलते महू-मंडलेश्वर रोड बंद हो गया। सैकड़ों गाड़ियां दोनों ओर फंस गईं। मलबा हटाने के लिए जेसीबी लाई गई है।

घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की है। प्रशासन ने लोगों से मंडलेश्वर, महेश्वर, खरगोन जाने के लिए फिलहाल इस रोड का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की है।जेसीबी मशीन से दिनभर मलबा हटाते रहे. जो शाम तक जारी था.दोपहर 3 बजे तक जेसीबी से एक तरफ का मलबा हटाकर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू की जा सकी। बड़े वाहनों को राऊ-खलघाट मार्ग में डायवर्ट किया गया है। घटना के बाद महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र के आशापुरा गांव में बैरिकेडिंग कर घाट तरफ एंट्री रोकना पड़ी। चश्मदीदों ने बताया कि जब चट्टानें गिरीं तो वहां से गुजर रहे लोगों ने जैसे-तैसे भागकर जान बचाई। घटना महू से 31 किलोमीटर और जाम गेट से एक किलोमीटर दूर बागदरा की है। मंडलेश्वर और बडगोंदा पुलिस के जवान ट्रैफिक बहाल करने की कोशिश में लगे हैं। पहाड़ से पत्थर गिरने के बाद महू-मंडलेश्वर मुख्य रोड पूरी तरह बंद हो गया था।



#### ठेकेदार का स्टाफ भी पहुंचा

*सूचना मिलते ही मौके पर रोड ठेकेदार के कर्मचारी भी पहुंचे। जेसीबी की मदद से रोड पर से मलबा हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। ग्रामीणों के मुताबिक जहां पहाड़ गिरने की घटना हुई है, उससे थोड़ी दूरी पर भी पहाड़ का हिस्सा अभी भी लटक रहा है। इस मार्ग पर रोजाना पहाड़ों से बड़े-बड़े पत्थर गिरने की सूचना आती है। इसके चलते कई बार वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।*

#### क्यों हो रही ऐसी घटनाएं

*जहां पर पहाड़ धंसा है, वहां की रोड करीब आठ साल पहले बनी है। पहाड़ काट कर सड़क बनाई गई। नियम मुताबिक पहाड़ को नेट से कवर कर किसी तरह की फिलिंग नहीं की गई। बारिश के समय चट्टान कट-कट कर झरने के रूप में हो गई है। ग्रामीणों के मुताबिक पहाड़ अंदर से खोखला है। जिस कारण आए दिन पत्थर गिरने की घटना होती रहती है। सुरक्षा के कुछ खास इंतजाम नहीं हैं।*

#### हवा-आंधी भी नहीं सहन कर पाया बोर्ड

*झिरन्या। चित्तौडगढ़ भुसावल राष्ट्रीय राजमार्ग के ब्लैक स्पॉट झुमकी घाट पर सुरक्षा के लिए लगाया गया बोर्ड हवा आंधी भी नहीं सहन कर पाया और करीब दो ढाई सप्ताह में ही धराशाही हो गया। नईदुनिया की पहल के बाद वहां पुलिस अधीक्षक धर्मवीरसिंह ने निरीक्षण किया और एसडीओ राकेश आर्य ने जांच प्रतिवेदन सौंपा था। फलस्वरूप उक्त विभाग द्वारा घाटके कुछ स्थानों पर बोर्ड लगाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ ली थी।*




---

### 20 हजार रुपए स्वीकृत

## आकाशीय बिजली गिरने से पीड़ित परिवार को मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती महाराष्ट्र के वनक्षेत्र बाबलगढ़ (कोटबेड़ा) में आकाशीय बिजली गिरने से पंडू पिता रामा रावत का मकान राख में तब्दील होने और सदमे को वृद्ध माँ सुन्दरबाई के लकवाग्रस्त होने की खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है। फलस्वरूप सोमवार को एसडीओ राजस्व भीकनगांव बीएस कनेश द्वारा रु. २० हजार की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। उन्होंने जानकारी दी है कि शीघ्र ही पीड़ति परिवार को उक्त राशि का भुगतान कर दिया जावेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें निःशुल्क अनाज उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन पीड़ति परिवार अपने छोटे बच्चो के साथ खुले आसमान में झोपड़ी बनाकर रह रहें हैं।



खबर का असर

---

### नाक-कान-गला विभाग द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा के ब्लॉक-ए में नाक-कान-गला विभाग द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार सिंह ने बताया कि श्रवण दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में जन जागरूकता फैलाना है।

बीमारी के प्रति समाज में जो भ्रांतियां है, उसे दूर कर बीमारी के उपचार के लिए आगे आने हेतु लोगों को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं को भी इसके लिए जागरूक करना होगा, क्योंकि नवजात में कई बार कमजोर सुनने की क्षमता हो सकती है, इसलिए समय पर जांच कर उपचार से श्रवण दोष को काम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑडियोमेट्री मशीन से खंडवा जिले सहित आसपास के जिलो को भी इसका लाभ मिल रहा है। पिछले दो वर्षों में ऑडियोमेट्री से 3 हजार लोगों को उपचार दिया जा चुका है। प्रति मंगलवार को पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण किए जाते हैं तथा जिनको श्रवण संबंधी समस्या है, उन्हें डॉक्टर के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा श्रवण यंत्र प्रदान किए जाते है।



#### जागरूकता रैली आयोजित

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जावर से जन जागरूकता रैली आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि लोगों में बहरेपन और सुनने की हानि को रोकने को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। यह दुनिया भर में कान और सुनने से जुड़ी देखभाल को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया जाता है। इस साल डब्ल्यूएचओ ने विश्व श्रवण दिवस के लिए थीम के रूप में जीवन भर सुनने, ध्यान से सुनने को निर्धारित किया है। रैली में विद्यार्थियों द्वारा ह्यह्यकिसी प्रकार के संक्रमण की ना हो शुरूआतह्यह्य ह्यह्यकान के स्वास्थ्य का अच्छे से रखें ध्यानह्यह्य जैसे नारों के माध्यम से आम नागरिकों में जागरूकता लाई गई। इस दौरान मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. के. सेठिया, बी.ई.ई. राजेश प्रजापति, सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।*

---

### सर्व स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने श्रीराम मंदिर में फाग उत्सव का आयोजन किया

## राधा कृष्णा बनकर फूल होली खेली, फाग गीत गाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

फागुन की शुरुआत के साथ फाग उत्सव का उल्लास छाने लगा है। रविवार को सर्व स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने बस स्टैंड स्थित श्रीराम मंदिर में फाग उत्सव का आयोजन किया। श्रीराम दरबार, राधाकृष्णजी को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया।

मीडिया प्रभारी संगीता सोनी ने बताया फाग उत्सव में राधा बनी सोनाली सोनी एवं कृष्ण बनी सोनम सोनी की जोड़ी के साथ फूलों की होली खेली गई। इस दौरान नन्दा सोनी, मंजू सोनी, वीणा सोनी, किरण सोनी, श्वेता सोनी, सरिता सोनी, अर्चना सोनी, स्वर्णा सोनी, सपना सोनी, शोभा सोनी, मालती सोनी, लक्ष्मी सोनी, संगीता सोनी, नेहा सोनी, प्रीति सोनी, मयूरी सोनी, भारती सोनी, दुर्गा सोनी, ममता सोनी, माया सोनी, अनुश्या सोनी, अरुणा सोनी, आरती सोनी, माधुरी सोनी, दीपा सोनी, पायल सोनी, रेखा सोनी, शिवानी सोनी, मुस्कान सोनी, बंटी सोनी, सरस्वती सोनी आदि मौजूद थी।



#### सास -बहू, ननद-जेठानी ने फाग नृत्य किया

*अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान की जिलाध्यक्ष अर्चना सोनी ने बताया कि श्यामा-श्याम के अनुराग के पर्व रंगीली होली का आनंद उठाने को समूचा जग लालायित रहता है, ऐसा ही नजारा फाग उत्सव में नजर आया। जहां भक्ति का उल्लास ऐसा छाया कि सास ने बहु, बहु ने ननद-जेठानी के साथ खुलकर नृत्य किया।*

#### फाग गीत व भजन प्रस्तुति दी

*महिलाओं ने फाग गीत व भजनों की प्रस्तुति दी। उत्साह में नृत्य भी किया। फ़ाल्गुन लाग्यौ सखि जब तें, तब तें ब्रजमंडल में धूम मच्यौ है। नारि नवेली बचै नाहिं एक, बिसेख मरै सब प्रेम अच्यौ है...। राधा का रंग, कान्हा की पिचकारी, प्यार के रंग से, रंग दो दुनिया सारी.. गाकर नृत्य किया।*

---

## 61 लीटर अवैध शराब सहित मोटर साइकिल जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मंयक अवस्थी द्वारा जिले में अवैध शराब की रोकथाम के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं आकाश अमलकर एस.डी.ओ.पी. आष्टा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 61 लीटर अवैध शराब सहित मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। शनिवार को मुखविर से अवैध शराब बिक्री हेतु ले जाने कि सूचना मिलने पर एक टीम गठित की गई तथा मुखविर के बताए स्थान छोटी छायन जोड मांगलिक भवन के पास पुलिया पर ग्राम बमुलिया रायमल पहूचे जहा मुखविर के बताए हुलिए का व्यक्ति दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ की मदद से पकडा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अरविन्द पिता मांगीलाल ठाकुर जाति सेंधव उम्र 39 साल निवासी ग्राम परोलिया का होना बताया जिसकी मोटरसाईकल पर एक बोरा बीच में कटा हुआ लग्गड बना हुआ जिसमें कुल 61 लीटर 540 मि.ली कीमती करीबन 24010 रूपये शराब रखी पाई गई, आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट की परिधी का होने से आरोपी के कब्जे से 61 लीटर देशी प्लेन मदिरा कीमती 24010 रू. एवम प्रयुक्त मोटरसाईकल MP 42 MA1137 हीरो होण्डा स्पलेण्डर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना जावर मे अपराध क्र 57/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया।

---

### नगर निगम महापौर और कमिश्नर पर भेदभाव और भ्रष्टाचार का आरोप

# नगर-निगम में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, महापौर मुर्दाबाद के लगे नारे, निगम अध्यक्ष को जमकर घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

नगर निगम महापौर और कमिश्नर पर भेदभाव और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने सोमवार को बड़ा प्रदर्शन किया। नगर निगम परिसर में पहले धरना दिया फिर नारेबाजी की और निगम अध्यक्ष का घेराव किया। कार्यालय के गेट पर तालाबंदी की। महापौर मुर्दाबाद के नारे लगे। अध्यक्ष को घेरा और कहा कि तुम शर्म करो और छोटी नदी में जाकर डूब मरो। नेता प्रतिपक्ष मुल्लू ने निगम के मेन गेट पर खुद का पुतला टांगा और सांकेतिक सुसाइड किया।

कांग्रेस पार्षदों ने पहली बार गर्मजोशी के साथ विरोध किया। शहर कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल हुए। हाथों में महापौर को भ्रष्ट बताते हुए स्लोगन लिखी पट्टियां थी। पानी की समस्या लेकर आई महिलाओं ने भी पार्षदों का समर्थन किया और निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा के दफ्तर में घुस गई। विश्वकर्मा को खरी-खोटी सुनाई। कांग्रेस नेत्री रचना तिवारी ने इस बीच भाजपा पार्षद के बेटे रवि खटवानी पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता लव जोशी ने कहा कि एक फैक्ट्री मालिक का सवा करोड़ रूपए प्रॉपर्टी टैक्स माफ कर दिया गया। जबकि आम लोगों से गुंडागर्दी कर टैक्स वसूला जा रहा है। जोशी के मुताबिक इंदौर रोड स्थित निमाड़ टेक्सटाइल्स मिल पर 16 साल का प्रॉपर्टी टैक्स करीब डेढ़ करोड़ रूपए बकाया था। लेकिन निगम अफसरों ने सांठगांठ करके 9 साल का टैक्स माफ कर दिया। जबकि टैक्स माफ नहीं होता है, सिर्फ अधिभार में छूट दी जाती है। उस फैक्ट्री वाले से डेढ़ करोड़ की बजाय 30 लाख में समझौता कर लिया। ऐसे दो दर्जन उद्योगपति और दुकानदार है।

निगम परिसर में जोर-शोर से नारे लग रहे थे। शर्म, शर्म करो और छोटी नदी में जाकर डूब मरो। महापौर मुर्दाबाद, कमिश्नर मुर्दाबाद... पहले लड़े थे गौरो से अब लड़ेंगे चोरो से.. जैसे नारे गूंज रहे थे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने पार्षद व एमआईसी सदस्य राम वर्मा के ठेकेदार बेटे का मामला उठाया। महापौर और भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि वो सिर्फ अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे है। नगर निगम ने बगैर निविदा के टेंडर जारी कर रहे। कांग्रेस के पार्षद वार्डों में काम करवाने के लिए पैसा मांगते है तो कमिश्नर कहता है कि भीख मांगो।






#### महापौर को दिल्ली, भोपाल, बंबई घूमने के लिए चुना क्या

कांग्रेस पार्षदों ने महापौर अमृता यादव का नाम लेकर भी खरी-खोटी सुनाई। कहा कि उन्हें खंडवा की जनता ने किसलिए चुना है। उन्होंने महापौर बनने के बाद 100 दिन में शहर की आधी समस्याएं खत्म करने की बात कहीं थी। लेकिन 100 दिन में उन्होंने सिर्फ अपनी और परिवार की समस्याएं ही खत्म की, बाकी शहर को मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया। विपक्षी पार्षद आत्महत्या को मजबूर है। महापौर को फोन लगाते है पता चलता है कि वो दिल्ली हैं।निगम अध्यक्ष को 40 लाख की गाड़ी दे दी, ताकि घूमे-फिरे नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने कहा कि शहर में विकास के लिए भाजपा वाले बजट का बहाना बनाते है लेकिन निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा को सरकारी पैसे से 40 लाख रूपए की गाड़ी दे दी है। ताकि वो बगैर टोल टैक्स के देशभर में घूमा-फिरा करें। दो साल में अध्यक्ष ने सिर्फ खुद का विकास कराया है। बाकी निगम का सम्मेलन बुलाने के लिए कहो

तो आनाकानी करते है। उन्हे नियम-कायदे तक नहीं पता है और अध्यक्ष बना दिया है। वो बेसुध होकर सिर्फ महापौर के इशारे पर काम कर रहे है।